प्रेस विज्ञप्ति / PRESS RELEASE 16.10.2022

# नई दिल्ली में इंडियन बैंक द्वारा डिजिटल बैंकिंग इकाई का शुभारंभ

**नई दिल्ली, 16 अक्तूबर, 2022 :** वित्तीय समावेशन को अधिल सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आज आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से 75 डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) राष्ट्र को समर्पित की। वित्त मंत्री ने वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट भाषण में हमारे देश की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देश के 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग यूनिट की स्थापना किए जानी की घोषणा की थी।

डिजिटल बैकिंग यूनिट की स्थापना इस उद्देश्य से की जा रही है कि डिजिटल बैंकिंग का लाभ देश के कोने-कोने तक पहुंचे और यह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करेगा। इनमें से इंडियन बैंक ने दिल्ली, लखनऊ और कारैक्काल (केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी) में तीन डिजिटल बैकिंग यूनिट स्थापित की हैं। दिल्ली में डिजिटल बैकिंग यूनिट को माननीय विदेश राज्य मंत्री व संस्कृति राज्य मंत्री सुश्री मीनाक्षी लेखी और श्री एस एल जैन, एमडी एवं सीईओ, इंडियन बैंक की भव्य उपस्थिति में समर्पित किया गया।

यह डिजिटल बैकिंग यूनिट आउटलेट लोगों को विभिन्न प्रकार की डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करेंगे जैसे कि बचत खाता खोलना, नकद जमा, नकद निकासी, बैलेंस-चेक, पासबुक प्रिंटिंग, फंड ट्रांसफर, सावधि जमा में निवेश, ऋण आवेदन, जारी किए गए चेक के लिए भुगतान रोकने के निर्देश, क्रेडिट/डेबिट कार्ड के लिए आवेदन करना, खाते का विवरण देखना, करों का भुगतान करना, बिलों का भुगतान करना, नामांकन करना आदि।

डिजिटल बैकिंग यूनिट ग्राहकों को वर्ष भर बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं तक किफायती, सुविधाजनक पहुंच और बेहतर डिजिटल अनुभव प्रदान करने में सक्षम बनाएगा। वे डिजिटल वित्तीय साक्षरता का प्रसार करेंगे और साइबर सुरक्षा जागरूकता और सुरक्षा उपायों पर ग्राहक शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही, डिजिटल बैकिंग यूनिट द्वारा प्रत्यक्ष या बिजनेस फैसिलिटेटर्स / कॉरेस्पॉन्डेंट्स के माध्यम से रीयल टाइम सहायता व उपलब्ध कराए जाने वाले कारोबार और सेवाओं में उत्पन्न होने वाली ग्राहकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए पर्याप्त डिजिटल तंत्र होगा।